हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 सितंबर 2025

06 ढोल-नगाड़े के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ...



07 डोल ग्यारस महोत्सव समिति ने किया अनंत...






### फॉरेस्ट अपनी छवि सुधारने की कोशिशों में जुटा, अब छाप बनाने की कवायद

# बढ़ते शिकार को रोकने के लिए वन विभाग की संयुक्त टीम करेगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले करीब 3 से 4 माह में लगातार खबरों में रहने के बाद एसटीआर प्रबंधन ने अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव किये। एसटीआर एवं वन विभाग पर लगातार अवैध सागौन की कटाई और वन्य प्राणियों के शिकार को रोकने में विफलता के आरोप लगतार लग रहे थे। वहीं विगत दिनों एसटीआर के बाघ रावण का शिकार कर पंजा काटकर ले जाने और इटारसी रेंज के छिपीखापा बीट में हुई अवैध कटाई का मामला उजागर होने से फॉरेस्ट की काफी किरकिरी हुई है। राजधानी तक नर्मदापुरम जिले का नाम चर्चाओं में रहा है। फॉरेस्ट विभाग अपनी अच्छी छवि बनाने के लिए अब सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और सामान्य वन मंडल का अमला संयुक्त रूप से मजबूती के साथ जंगल में ड्यूटी करेगा।

शनिवार को वन विभाग और एसटीआर के अधिकारियों की संयुक्त बैठक तवा नगर स्थित रेस्टहाऊस में हुई, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिए।



#### होगी चाक-चौबंद व्यवस्था

सीसीएफ अशोक कुमार चौहान ने बताया बैतूल हाईवे धनबाद तिराहे के पास तवानगर बैरियर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा है। ताकि हर आने जाने की निगरानी हो सकें। साथ ही 24 घंटे हर समय 3 फॉरेस्ट कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। जो बैरियर पर तवानगर आने जाने वाले वाहन और आम लोगों के नाम, गाड़ी नम्बर, आने जाने के समय की एंट्री करेंगे।

#### अधिकारियों ने ली बैठक

शनिवार को तवानगर में वन विभाग के विश्राम गृह में एक बैठक हुई बैठक में सीसीएफ अशोक कुमार और फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा बताया कि विश्राम गृह में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, आस पास के क्षेत्रों में वन्य जीव संरक्षण को मजबूत बनाने, शिकार की रोकथाम करने के लिए सामान्य वनमंडल व सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के अधिकारी/ कर्मचारियों की संयुक्त बैठक हुई है। बैठक में सामान्य वनमंडल व सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे क्षेत्रों में पदस्थ वन रक्षक से लेकर क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व व मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम उपस्थित रहे। क्षेत्र संचालक राखी नंदा व मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार ने लेंडस्केप आधारित रणनीति पर संयुक्त वन प्रबंधन समितियों, अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। सीसीएफ अशोक कुमार ने बताया हाल ही में वन्य प्राणी के शिकार के मामले सामने आएं हैं। वन्य प्राणियों का मूवमेंट भी काफी देखा जा रहा है। वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा जरूरी है।

#### 14 दिन बाद भी शिकारियों का नहीं मिला सुराग

एसटीआर के शिकार हुए बाघ के पंजे काटकर ले जाने की घटना को उजागर हुए 14 दिन बीत चुके हैं। लेकिन बाघ की हत्या करने वाले उन शिकारियों को फॉरेस्ट अमला नहीं ढूंढ लाया है। इतना ही नहीं शिकार कहां हुआ है, इसका भी अफसर पता नहीं लगा पाएं हैं। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स एसटीआर और वन विकास निगम के साथ जांच में जुटा है। सूत्रों के मुताबिक बारदा और बढ़ चापड़ा में ग्रामीणों के विरोध के बाद एसटीआर सुस्त पड़ गया है। टीम गांव में पूछताछ के लिए नहीं जा पा रहे है।

## जीआरपी इटारसी ने पकड़ा शातिर चोर, 20 लाख रुपए से अधिक का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



यात्री ट्रेनों में मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को जीआरपी इटारसी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी, जो चोरी के मोबाइल से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर महंगी वस्तुएं खरीदता था, उसके पास से करीब 20 लाख 10 हजार 800 रुपये का माल बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल, राहुल कुमार लोढ़ा के विशेष अभियान के तहत की गई।

#### कैसे हुआ खुलासा?

पूरा मामला 3 अगस्त, 2025 का है, जब भोपाल की एक सरकारी अस्पताल में कार्यरत महिला, राजधानी एक्सप्रेस से बेंगलुरु जा रही थी। इटारसी स्टेशन पहुंचने से पहले, उनका बैग, जिसमें एक सैमसंग मोबाइल, 10 ग्राम सोने की चेन और अन्य सामान थे, चोरी हो गया। इस मामले की शिकायत बेंगलुरु जीआरपी में की गई, जिसे बाद में इटारसी जीआरपी को ट्रांसफर कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा ने तत्काल थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की। टीम ने साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच शुरू की। जांच के दौरान, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इटारसी रेलवे स्टेशन के पार्सल ऑफिस के पास एक संदिग्ध व्यक्ति महंगे मोबाइल सस्ते में बेच रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपनी पहचान शौकत अली (उम्र 24 साल), निवासी बारामूला, जम्मू-कश्मीर के रूप में बताई। सख्ती से पूछताछ करने पर, उसने यात्री ट्रेनों में चोरी की कई वारदातों को स्वीकार किया। उसने बताया कि वह यात्रियों के सोते समय उनके मोबाइल चुरा लेता था।

आरोपी ने बताया कि वह आसान पासवर्ड वाले मोबाइलों से पेमेंट ऐप्स इंस्टॉल कर लेता था। इसके बाद वह खातों से रकम निकालकर ऑनलाइन गिफ्ट कार्ड खरीदता था और फिर उनसे प्रीमियम मोबाइल फोन (जैसे आईफोन) खरीदता था। इन महंगे फोन्स को वह कम दाम में बेचकर पैसे को कैश में बदलता था। इस तरह, वह पकड़े जाने से बचने एक मल्टीलेयर सिस्टम का इस्तेमाल कर रहा था।

#### क्या-क्या हुआ बरामद?

आरोपी के पास से पुलिस ने एक ट्रॉली बैग बरामद किया, जिसमें एक सोने की चेन, 12 नए आईफोन, 12 अन्य प्रीमियम स्मार्टफोन (सैमसंग, वीवो, रियलमी, मोटोरोला आदि) और एक लेनोवो कंपनी का लैपटॉप मिला। बरामद की गई सोने की चेन वही है जो राजधानी एक्सप्रेस में चोरी हुई थी। अन्य मोबाइल और लैपटॉप भी चोरी के हैं। शौकत अली का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ इटारसी, भोपाल और तमिलनाडु के धर्मापुरी में भी चोरी और ठगी के मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम में शामिल सभी अधिकारियों और जवानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## युवाओं ने नर्मदा के तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जय हो सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में माँ नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 268वां सप्ताह आज संपन्न हुआ।

समिति के सदस्यों ने परमहंस घाट पहुंचकर श्रमदान किया तथा घाटों पर फैली गंदगी, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर साफ-सफाई की। सफाई कार्य में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के सदस्य गण अनिल मिश्रा, रमेश उपरारिया, संजू प्रजापति, जॉन आजाद, अनुराग वर्मा, कौशिक बावरिया, विशाल बावरिया, सौरभ वर्मा, अजय बावरिया, सागर पटेल, दीपक कलोसिया एवं राजेश वर्मा सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने नर्मदा मैया के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि नदी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास जारी रखेंगे। समिति द्वारा स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं से भी अपील की गई कि वे नदी में प्लास्टिक, थैली या अन्य कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

## बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने रोजगार मेले का आयोजन 11 को आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा युवा संगम – रोजगार मेला का आयोजन 11 सितम्बर 2025, गुरुवार को किया जा रहा है। मेला प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नर्मदापुरम में आयोजित होगा। मेले में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई), तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। रोजगार मेले में जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे ट्राइडेंट (बुदनी), पांडव होटल्स, टेक्नोटास्क, जेड प्लस, यशस्वी ऐकेडमी (भोपाल), शिव शक्ति बायोटेक , मेस्का ,पुखराज, एल.आई.सी., एम.आई.सी., वक्रतुंड ऐसोसिएट, केयर हेल्थ इंश्योरेन्श, पुष्कल ऐग्रीटेक लिमिटेड, नव भारत फर्टीलाइजर, गोकलदास ऐक्सपोर्ट, जेट प्लस ऐकेडमी, वर्धमान मण्डीदीप, एपीपीएसईसी,आई.सी.आई. बैंक, एक्स बेक, समथन, रिलायंस निप्पन इंश्योरेंस कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी।

चयन की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क होगी तथा अभ्यर्थियों की योग्यता एवं कौशल के आधार पर भर्ती की जाएगी। यदि किसी कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की की मांग की जाती है तो इसकी सूचना रोजगार अधिकारी को दी जाए। रोजगार मेले में युवा अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वरोजगार और रोजगार की नई दिशा प्राप्त करें। युवाओं के पंजीयन हेतु A गूगल लिंक उपलब्ध कराया गया है।

## निजी विद्यालयों की फीस में अनियमित वृद्धि को रोकने के पोर्टल पर हुआ फीस विवरण अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी विद्यलायों द्वारा फीस में अनियमित वृद्धि रोकने के लिये प्रावधान लागू किये गये है। इसके अलावा किताबें, यूनिफॉर्म, टाई एवं कॉपियों पर किसी विशेष दुकान से क्रय नहीं किये जाने संबंधित नियम भी लागू है। इन नियमों में वर्णित प्रावधानों के तहत निजी विद्यालयों में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनिफॉर्म, स्पाट्र्स किट, ट्रासपोर्ट सुविधा और फीस से संग्रहित की जाने वाली राशि का विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी है। इसी के साथ निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा वार एवं मद वार आगामी सत्र की प्रस्तावित फीस संरचना को स्कूल शिक्षा विभाग के फीस विनियमन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

राज्य में इस वर्ष करीब 10 हजार 200 निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर फीस का विवरण अपलोड किया जा चुका है। प्रदेश में जिन विद्यालयों की किसी भी कक्षा की वार्षिक फीस संरचना 25 हजार रूपये या उससे कम है, उन्हें फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने से मुक्त रखा गया है। इन विद्यालयों को इस संबंध में पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करने की निर्धारित तिथि भी दी गई थी। ऐसे विद्यालय जो समय-सीमा की जानकारी अपलोड नहीं करेंगे उनके विरूद्ध जिला समिति द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में निजी विद्यालयों के विरूद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति भी कार्य कर रही है।

## अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने चित्रगुप्त घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर में रविवार को अखिल भारती कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में घाट की साफ-सफाई की गई।

कचरा डस्टबिन में डाला गया। इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति की जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने श्रद्धालुओं से अपील कि वे नर्मदा में नहाते समय केमिकल और साबुन का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि समाज की मातृ शक्ति द्वारा यह अभियान विगत कई महीनो से चलाया जा रहा है। इस मौके पर ज्योति वर्मा, सुमन वर्मा, ऊषा वर्मा, प्रीति खरे, ईरा वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, अदिति वर्मा लक्ष्मी सक्सेना जानकी , अभय वर्मा, सी बी खरे, विजय वर्मा, अशोक वर्मा , देव वर्मा, मनोज वर्मा, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे। चित्रगुप्त घाट पर सफाई अभियान के चलते घाट पर पड़े कचरे और मलबे को साफ किया गया और फर्श पर पड़े फूल-माला और अन्य सामग्री को एकत्रित कर डस्टबिन में डाला।

समाज के लोगों ने कहा कि नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। समाज के लोगों को साथ आना चाहिए और घाटों के साफ-सफाई करना चाहिए। स्वच्छता अभियान में समाज के विजय वर्मा ने कहा कि यह स्वच्छता अभियान एक पुनीत कार्य है और इसमें सभी नागरिकों को शामिल होना चाहिए।

### 3 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 03 निर्माण कार्य के लिए कुल 03 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर विकासखंड सिवनीमालवा के ग्राम भैरोपुर में राजनारायण लोवंषी के खेत के पास पुलिया निर्माण के लिए 01 लाख 50 हजार रूपये, विखं सिवनीमालवा के ग्राम रुपादेह में मुक्तीधाम तक संपर्क सडक निर्माण के लिए 01 लाख रूपये एवं विखं सिवनीमालवा के ग्राम उमरिया में हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक स्थल के लिए राशि स्वीत की है।

## सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में किया शिक्षकों का सम्मान

### शिक्षकों को सम्मान स्वरूप दिए गए प्रशस्ति पत्र, की गई पुष्पवर्षा, गाए गए गीतों ने बांध अनूठा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

युवा मंडल द्वारा आयोजित गीत संगीत का सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम रविवार को शिक्षकों को समर्पित रहा। सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में शिक्षकों को समर्पित गीत गाए व कविताएं सुनाई गई। कार्यक्रम से जुड़े सदस्यों ने बताया कि प्रति रविवार नेहरू पार्क में सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में गीत संगीत के साथ समाज के विभिन्न वर्गों को भी सम्मानित किया जाता है।

इसी क्रम में रविवार शाम को शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति व राज्यपाल से सम्मानित एवं दिव्यांगों के क्षेत्र में काम करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत पूर्व पार्षद नंदकिशोर यादव, दीपक हेमनानी, केएन त्रिपाठी, अनिल दुबे ने सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर व उनपर पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान के बाद सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरुदेवो महेश्वरा के गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान अन्य नए पुराने फिल्मी गीत भी गाए गए। इसमें हरी शर्मा, मुकेश यादव, जीतेन्द्र राजपूत, सुमित गौर,कमल चव्हाण, हरीश मांझी, श्रीराम सगर,अनूप रिछारिया, तरुण देव, प्रताप तोमर, प्रकाश आहूजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




#### इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में पंडित गोपाल प्रसाद खड्डुर राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित) , कला मीणा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित विनोद मुद्गल, संगीत गुरु कपूर नागर,, टीआर यदुवंशी, कपिलेश कुरेले,अफरोज खान, राखी परसाई,अरुणा उपाध्याय, योगेश शर्मा, विनोद गोलियां, चेलशी बामने, सैया खान, अनुलता भैसारे, मंजु ओनकर, अर्चना सोनटक्के, सुश्री नेहा कहार , आशीष श्रीवास्तव, सोनाली गुजराती, गजेन्द्र सैनी, छाया फौजदार, शरद गौर, आशीष बिल्लौरे, रामजीवन बकोरिया, शुभांगी परिता आदि का सम्मान किया गया।

## सूतक काल में बंद रखे मंदिरों के पट, जारी रहे भजन कीर्तन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

साल का दूसरा और अंतिम चंद्रग्रहण रविवार रात 9.57 बजे से शुरू हुआ। ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 28 मिनट की थी और यह रात 1.26 बजे समाप्त हुआ। चंद्रग्रहण के कारण मंदिरों में दर्शन और आरती की व्यवस्थाओं में बदलाव किए गए थे।

सूतक काल रविवार दोपहर 12.57 बजे से शुरू हुआ। नर्मदापुरम के सभी मंदिरों और शिवालयों के पट इसी समय बंद रहे। सोमवार तड़के 4 बजे मंदिर के पट फिर से खुले। ग्रहण के दिन घाटों पर विशेष व्यवस्था थी। सोमवार को ग्रहण स्नान होगा और मंदिर में सफाई के बाद सामान्य पूजा आरंभ होगी।

शहर के सेठानी घाट के पुजारी पंडित भालचंद खड्डुर ने बताया कि घरों में भी सूतक का पालन करना चाहिए। इस दौरान भगवान का नाम जप करना चाहिए और ग्रहण के मोक्ष के बाद स्नान कर पूजा पाठ करें।

### 21 को होगी पितृमोक्ष अमावस्या

## पितरों को याद करने शुरू हुए तर्पण, घाटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने किया पूर्वजों का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से रविवार को पितृपक्ष का शुरू हो गया है। सुबह-सुबह सैकड़ों लोग अपने पितरों का तर्पण करने मां नर्मदा के सेठानी घाट, विवेकानंद घाट और गोंदरी घाट पहुंचे। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पितरों को जल अर्पित कर श्रद्धांजलि दिलाई।

बताया जाता है कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से 16 श्राद्ध माने जाते हैं। इस बार अष्टमी और नवमी एक ही तिथि में होने के कारण 14 सितम्बर को एक ही दिन श्राद्ध होगा। 21 सितम्बर को पितृ मोक्ष अमावस्या है। इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाते। 22 सितम्बर से चैत्र नवरात्र शुरू होंगे।



#### पितृ पक्ष का महत्व

सनातन धर्म में पूर्वजों को समर्पित है, यह भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होकर आश्विन अमावस्या तक चलता है, इस दौरान पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान जैसे धार्मिक कर्म किए जाते हैं, इन दिनों पितर पृथ्वी पर अपने वंशजों से तर्पण की अपेक्षा लेकर आते हैं, जो संतान श्रद्धा भाव से उनका स्मरण और तर्पण करती है, उन्हें पितरों की कृपा प्राप्त होती है, इससे पितृ दोष दूर होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है, पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिए यह समय सबसे उपयुक्त होता है, इस काल में गंगा स्नान, ब्राह्मण भोज और दान करना पुण्यदायी होता है, पितरों की संतुष्टि से वंश में समृद्धि, संतान सुख और कुल की उन्नति संभव होती है, इसलिए पितृ पक्ष को श्रद्धा और आस्था से मनाना अत्यंत आवश्यक है।

### शालेय जूड़ो प्रतियोगिता में शामिल होंगे समेरिटन्स के 12 खिलाड़ी



**नर्मदापुरम ।** गुना में आयोजित शालेय जूडो खेल प्रतियोगिता 8 सितंबर से 12 सिंतबर तक आयोजित होंगी जिसमें सेमरिटेंस स्कूल के 12 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिसमे बालिका समूह में आर्नवी मिश्रा, पूर्वी यादव, तनिष्ठा यादव, आराध्या चंद्रवंशी, शताक्षरी दीक्षित, विनय आसरे, शुभांशु यादव, अभय प्रताप सिंह, दक्ष धुर्वे, शिवांशा मालवीय, प्रशिती कदम, अनिरुद्ध विश्वास का चयन हुआ हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सेमेरिटन स्कूल के संचालक डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खंपरिया, कोच वैशाली तिवारी ने खिलाड़ी को शुभकामना दी।

## क्षेत्र में दूसरे दिन भी जारी रहा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन रविवार को भी गणेश प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। सुबह से श्रद्धालु हर्बल पार्क में बने कृत्रिम कुंड में प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे। सुबह से दोपहर 1 बजे तक 21 बड़ी प्रतिमाएं विसर्जित हुई। जिसके बाद इक्का दुक्का लोग प्रतिमा लेकर पहुंचते रहे।

प्रतिमा विसर्जन के चलते राजस्व विभाग से सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, तहसीलदार सुरेखा यादव, नायब तहसीलदार और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। रविवार को डोल बाजे के साथ लोगों ने नचाते गाते गणपति बप्पा को विदा किया। ग्रहण के कारण चलते दोपहर 1बजे से प्रतिमाएं कम आने लगी। सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत ने बताया रविवार को सुबह से दोपहर 1बजे तक 21 बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है। बाद में भी धीरे धीरे समितियां आ रही है।

## खबर संक्षेप

### नगर में असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद

**शाहपुर।** नगर परिषद कार्यालय के ठीक बाजू में लाखों की लागत से बना विजय भवन के सामने झंडा वंदन स्थल पर बैठकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शराब का सेवन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन यहां नई नई कंपनी की दारू की खाली बोतले और डिस्पोजल, पानी की बोतले मिलती है। विजय भवन में नगर के योग समिति के सदस्य योग करने के लिए प्रतिदिन प्रात 6.30 बजे पहुंच जाते हैं। योग समिति अध्यक्ष शाहपुर शारदा प्रसाद गुप्ता ने शासन से आग्रह है कि रात्रि के समय विजय भवन की ओर गश्त बढ़ाई जाये, जिससे इस प्रकार की गंदगी ना फैले और जगह-जगह पर बैठकर शराब का सेवन करने वालों पर रोक लग सके।

### गुरु की कृपा से संवर जाता है जीवनः डॉ. योगेश पंडाग्रे

**बैतूल।** मध्यप्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल द्वारा 5 सितम्बर को किराड़ समाज भवन, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, सदर बैतूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे रहे। कार्यक्रम में 175 सेवा निवृत्त गुरुजनों का स्वागत पट्टिका और अभिनंदन पत्र भेंट कर किया गया। डॉ. योगेश पंडाग्रे ने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु की कृपा से हमारा जीवन संवर जाता है। उन्होंने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र को दिशा देने वाले टॉर्च बियरर्स होते हैं। मंचासीन प्रबुद्ध सेवा निवृत्त गुरुजनों में डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, डॉ. महेश कुमार मेहता, डॉ. मलखान सिंह चौहान, प्रोफेसर शिवकुमार शुक्ला, प्रोफेसर एस.डी. डोंगरे, शिवनाथ वर्मा, जी.बी. पाटनकर, एस.डी. कापसे, एस.के. पचोरी एवं अन्य वरिष्ठ पेंशनर्स शामिल रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर महेश मेहता ने शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को प्रतिपादित किया, वहीं डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण हैं। उन्होंने वरिष्ठ पेंशनर्स साथियों के स्वास्थ्य की देखभाल के उद्देश्य से स्वागत शिविर आयोजित करने की घोषणा भी की।

### गणेशोत्सव का भव्य समापन



**आमला।** शनिवार को दस दिवसीय गणेश उत्सव का भव्य और शांतिपूर्ण समापन हुआ। इस मौके पर सुबह से ही गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया। इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने रेलवे बांध, चंद्रभागा नदी, वायुसेना नदी और हसलपुर के माचना घाट पर चाक चौबंद व्यवस्था की थी। नगर पालिका आमला के सभी कर्मचारी, सभी विसर्जन घाटों पर देर रात तक मौजूद रहे, इस मौके पर नपा अधिकारी आमला, थाना प्रभारी, तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। वहीं इलाके के सलाईढाने में विसर्जन के दौरान एक युवक डूब गया जिसका देर शाम शव मिल गया था।

### इधर गणेश पंडालों ने सड़कों पर फैली अव्यवस्था को लेकर जाहिर की नाराजगी

# पुलिस प्रशासन का दावाः गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन सौहार्द और उल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर शुरू हुआ गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम रविवार देर शाम तक चलता रहा। पुलिस प्रशासन ने जहां दावा किया कि इस वर्ष जिले में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्यक्रम हर्षोल्लास, सामाजिक सौहार्द और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ, वहीं शहर के कुछ गणेश पंडाल समितियों ने सडकों पर यातयात जाम एवं फैली अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की है। गणेश पंडालों के सदस्यों का आरोप है कि कोठीबाजार क्षेत्र में सडक निर्माण और सडकों पर गड्ढों की वजह से भारी अव्यवस्थाएं रही। यहां इतनी भी जगह नहीं थी कि झांकी निकलने के दौरान छोटे वाहन साइड से निकल पाये। कई प्रतिमाएं सडक पर गड्ढों की वजह से हिचकोले खाते हुए बमुश्किल पार कराई गई। लल्ली चौक पर रविवार तडके गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान अफरा-तफरी का माहौल भी बन गया। जब गोला गणेश समिति की प्रतिमा के साथ चल रहे फॉरेस्ट गार्ड संजीव गवांडे बेहोश हो गए। उन्हें बमुश्किल भीड़ में से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। सूत्रों के मुताबिक जुलूस में प्रतिमा को आगे बढ़ाने में देरी होने के कारण भीड़ रास्ता रोक रही थी। इस दौरान पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए बल का भी प्रयोग किया। हालांकि ऐसी भी चर्चा है कि पुलिस ने लाठीचार्ज किया, लेकिन पुलिस ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है।

### गड्ढों से जूझते रहे गणेश पंडाल की झांकियां

शहर के कोठीबाजार क्षेत्र की सडकों पर लल्ली चौक के दोंनो तरफ के हालात बदतर हो गये है। कोठीबाजार क्षेत्र के सबसे व्यस्ततम चौक, लल्ली चौक पर सडक पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों के कारण लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका द्वारा, इन दिनों यहां पर टू-लेन सडक भी बनाई जा रही है। जिससे लल्ली चौक और बस स्टैंड के सामने की सडक़े वाहन चालकों और गणेश पंडालों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी रही। जब टिकारी मार्ग, जहां से धार्मिक जुलूस निकलकर लल्ली चौक पहुंचा, तो जुलूस को बदतर सडक का सामना करना पड़ा। जिम्मेदार विभागों द्वारा न तो सडकों की मरम्मत कराई गई और न ही गणेश समितियां की चल झाँकी को बिना ट्रैफिक जाम के निकालने के लिए कोई प्लानिंग की गई। इसी प्रकार शहर के चौपाटी पर अधूरी बनी टू-लेन सडक के कारण गणेश झाँकी का ट्राला फंस गया था और उसमें रखी प्रतिमा आड़ी होकर खंडित हो गई थी।

### 267 बड़ी और 2,568 छोटी प्रतिमाओं का विजर्सन

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि इस वर्ष गणेश विसर्जन, पूर्ण सामाजिक सौहार्द और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पर्व के दौरान जिलेभर में पुलिस प्रशासन, नागरिक समाज, विभिन्न विभागों और संगठनों के सहयोग से संपूर्ण कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया। इस अवसर पर जिलेभर में कुल 2,67 बड़ी मूर्तियों एवं 2,569 छोटी मूर्तियों का सुरक्षित एवं व्यवस्थित विसर्जन किया गया। गणेश विसर्जन की सुरक्षा व्यवस्था और सुचारु संचालन के लिए जिलेभर में कुल 419 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को तैनात किया गया। साथ ही ट्रैफिक वॉर्डन, होमगार्ड, वन विभाग का बल, सिविल सोसायटी के सक्रिय सदस्य एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कर्मचारियों ने भी अपने कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन कर इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।



## गणेश प्रतिमा विसर्जन में डूबे व्यक्ति का शव मिला

### एसडीईआरएफ ने दूसरे दिन किया रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

गणेश विसर्जन के दौरान शनिवार को डूबे जरढ़ निवासी लक्ष्मण सरिया (45) का शव रविवार को बरामद कर लिया गया। एसडीईआरएफ की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद तालाब से शव को बाहर निकाला। शनिवार को लक्ष्मण गणेश विसर्जन के लिए तालाब में गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस दौरान वह पानी में उतरे और फिर बाहर नहीं आए। तालाब के किनारे उनकी चप्पल मिली थी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी दिनेश कुमरे ने बताया कि शनिवार शाम को ग्रामीणों और गोताखोरों ने तलाश की। अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। रविवार सुबह एसडीईआरएफ टीम ने जाल डालकर शव को बाहर निकाला। रविवार को गांव में लक्ष्मण की मौत से शोक छाया हुआ है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को विसर्जन के दौरान पूरे जिले में दो लोग डूबे थे। बताया जा रहा है कि बैतूल बाजार में डीजे पर डांस करते समय एक व्यक्ति को हार्टअटैक आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### लेट करने के कारण ट्राफिक जाम हुआ

सभी महत्वपूर्ण पाइंटों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। लल्ली चौक पर एक कर्मचारी के बेहोश होने से उसे डीजे साउंड के बीच बाहर निकालने हेतु पुलिस को रास्ता बनाना पड़ा था। इसके अलावा शांति समिति की बैठक के दौरान ही हमने सभी गणेश समितियों से अपील की थी कि जिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण चल रहा है, वहां झांकी को अनावश्यक लेट न करें, ऐसी कई व्यस्ततम जगहों पर झांकी को अनावश्यक लेट करने के कारण ट्रॉफिक जाम हुआ।

- **निश्चल एन. झारिया,** एसपी बैतूल

## पुलिस ने 7 लाख ठगने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

पुलिस ने कोल कर्मी से 7 लाख रुपए की ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 5 सितंबर को महेन्द्र प्रसाद पिता दशई मली बारी (65) निवासी स्टेडियम के पीछे आजाद नगर पाथाखेड़ा ने थाने में आवेदन दिया था कि वेलफेयर बिल्डिंग एंड इस्टेट प्रायवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक मुख्य मैनेजर अनिल एवं उसके तत्कालीन ब्रांच मेनेजर सुनील, एजेन्ट अरविन्द उर्फ शिवकेश्वर ने धोखाधड़ी कर विश्वास में लेकर उनके दस्तावेज का दुरुपयोग कर पैसा डबल करने का बोलकर, सात लाख रूपये इन्वेस्ट कराये गये। पुलिस ने आवेदन के आधार पर धारा 318(4), 338, 336(3), 340(1) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान सारणी पुलिस ने आरोपी शिवकेश्वर उर्फ अरविन्द प्रसाद पिता महेश्वर प्रसाद उम्र 66 साल निवासी कांग्रेस नगर पाथाखेडा एवं सुनिल कुमार पिता जगदीश सिंह उम्र 42 साल निवासी गांधी नगर पाथाखेडा को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण के अन्य आरोपी इस्टेट प्रायवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक मुख्य मैनेजर अनिल की तलाश पतारसी जारी है। आरोपी को न्यायालय बैतूल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक आशीष कुमरे, प्रधान आरक्षक किशनलाल सेलू, नरेन्द्र राजपूत और आरक्षक मोनू उईके की सराहनीय भूमिका रही।



## ज्योति कलश यात्रा दे रही युग संदेश

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में 100 वर्ष से प्रज्ज्वलित अखंड दीप की शताब्दि एवम वंदनीय माता जी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दि के उपलक्ष्य में देश भर में ज्योति कलश यात्राओ का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से युग परिवर्तन की बेला, विचार क्रान्ति अभियान और पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों से जन जन को परिचित कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में बैतूल जिले में शाहपुर तहसील में ज्योति कलश रथ का प्रवेश हुआ। जहां जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा द्वारा पूजन कर रथ यात्रा का शुभरम्भ किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वय समिति के रविशंकर पारखे, अजय पवार, अनूप वर्मा, डॉ टी सी अनघोरे, पं धनराज धोटे, तहसील समन्वयक मोहन गाठिया आदि ने रथ का स्वागत किया। सभी तहसीलों में 3-3 दिन रथ यात्रा भ्रमण कर गुरूदेव का सन्देश देगी। शाहपुर तहसील के बाद घोड़ाडोंगरी में विकासखण्ड समन्वयक डॉ मनोज पाटनकर के नेतृत्व में ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। घोड़ाडोंगरी, शोभापुर, सारणी, पाथाखेडा आदि क्षेत्रों में रथयात्रा के द्वारा गुरुदेव के सन्देश दिया गया। इसके बाद रथ आमला, बैतूल, चिचोली, भीमपुर, भैसदेही, आठनेर, प्रभातपट्टन के बाद मुलताई तहसील में रथयात्रा पहुचेगी। जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा ने बताया कि माताजी की जन्म शताब्दि और अखंड दीप के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री परिवार के उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने के हेतु सभी तहसीलों में जहाँ जहाँ गायत्री परिवार के परिजन नही है उन क्षेत्रों में सेवाभावी युवाओं, विभिन्न मंडलों के सदस्यों आदि के सहयोग से रथयात्रा संचालित हो रही है। रथयात्रा को सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस हेतु जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा ने जिले की जनता का आभार माना है।

## ढोल-नगाड़े के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गणपति बप्पा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में विराजित भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा के समक्ष हवन पूजन के पश्चात विसर्जन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में जिला महामंत्री कमलेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि जीपी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम की उपस्थिति में प्रातः काल 10 बजे हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात 1 बजे से 4 बजे तक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। शाम 4 बजे कार्यकर्ताओं का विशाल जुलूस आतिशबाजी एवं बैंड बाजा के साथ विसर्जन के लिए सारणी शॉपिंग सेंटर, केंद्रीय विद्यालय, जय स्तंभ चौक से होती हुई विसर्जन स्थल छठ घाट पहुंचा। जहां सभी कार्यकर्ताओं ने धूमधाम के साथ बप्पा का विसर्जन किया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरंदे ने कहा कि, गणेश पूजा की परंपरा सनातन धर्म में आदिकाल से चली आ रही है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल सारणी पिछले 15 सालों से कार्यालय में गणेश पूजा का आयोजन करती आ रही है। समय-समय पर तात्कालिक मंडल अध्यक्षों ने गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया है। इस क्रम में नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के नेतृत्व में इस वर्ष पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कमलेश सिंह एवं जगदीश पवार ने भी सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की ।

### शाहपुर में हर्षोल्लास के साथ किया गया गणेश विसर्जन



**शाहपुर।** मां माचना तट पर भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन घाटों पर प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षा बल मौजूद रहा। नगर परिषद के द्वारा नदी में पानी अधिक होने के कारण कर्मचारियों ने मूर्ति विसर्जन में सहयोग प्रदान किया। विसर्जन स्थल मां माचना तट पर सीढ़ी घाट बने है। यहां पर भक्तों द्वारा वर्षो से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश की मूर्ति की आरती पूजा कर प्रसाद वितरण किया। पुलिस प्रशासन शाहपुर ने भी विसर्जन के कार्य को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराया।

### 30 जोड़ों का आदर्श दहेज मुक्त विवाह, 319 यूनिट हुआ रक्तदान

# संत रामपाल महाराज का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



रविवार को ग्राम उड़दन स्थित सतलोक आश्रम में संत रामपाल महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में विशाल समागम चल रहा है। आश्रम के सेवादारों ने बताया कि 8 सितंबर 1951 को मानव समाज के कल्याण के लिए पूर्ण परमात्मा संत रामपाल जी महाराज के रूप में धरती पर अवतरित हुए फिर संत रामपाल महाराज को स्वामी रामदेवानंद जी महाराज जी से 1988 में नामदीक्षा प्राप्त हुई थी। आज तक निरंतर संघर्ष करते हुए संत रामपाल जी महाराज जी मानव समाज को पूर्ण मोक्षदायक सतभक्ति प्रदान कर रहे है। जिसमे पूरे मानव समाज को आने का खुला निमंत्रण दिया गया है। इस महाविशाल भंडारे में शुद्ध देशी घी से बने मिष्ठान सब्जी, पूड़ी, दाल,चावल, हलवा आदि का मनमोहक भंडारा दिया जा रहा है। साथ ही संत गरीबदास जी महाराज जी के अमर ग्रन्थ साहिब की अमरवाणी का अखंड पाठ चल रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन संत गुरुवाणी द्वारा 30 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह भी संपन्न कराया गया और जिला चिकित्सालय बैतूल से आए स्टाफ की मौजूदगी में अनुयायियों द्वारा 319 यूनिट रक्तदान भी किया गया साथ ही 3440 अनुयायियों द्वारा देहदान के संकल्प फार्म भरे गए। अनुयायियों के अनुसार इस विवाह के साक्षी सभी तैंतीस कोटि देवी देवता बने।

समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बैठने के लिए विशालकाय शेड बनाया गया है। साथ ही जूता घर, पार्किंग, मोबाइल चार्जिंग, शौचालय आदि की पर्याप्त सुविधा के साथ आध्यात्मिक प्रदर्शनी व निःशुल्क नामदीक्षा की व्यवस्था भी की गई है। फोरलेन से आश्रम तक की दूरी में बने रोड पर लगी आकर्षित लाइटिंग व परमात्मा जी की आकर्षक झांकियां बनाई गई हैं। समागम के दूसरे दिन तक 2000 से अधिक लोगो ने संत रामपाल जी महाराज जी से निःशुल्क नामदीक्षा ग्रहण कर अपने जीवन का कल्याण करवाया।

अपने गुरुदेव जी के आदेशानुसार आने वाली सर्व संगत शांतिपूर्वक आकर अमर वाणी को श्रवण कर भंडारा प्रसादी लेकर वापस अपने घर जाती रही। 8 सितंबर को इस महासमागम का अंतिम दिन है। अनुयायियों ने सभी धर्म प्रेमी जनता से आग्रह किया कि वे भी इस पावन अवसर पर आकर पापनाशक भंडारा ग्रहण कर अपने पुण्य कर्म बनाएं।

## शिक्षक की ट्रेन से कटकर मौत सोनाघाटी ट्रैक पर मिला शव

**बैतूल।** सोनाघाटी रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह एक शिक्षक का शव मिला। मृतक की पहचान अजित बारंगे (40) के रूप में हुई है, जो प्राथमिक शाला ढोंढवाड़ा में पदस्थ थे। कोतवाली पुलिस को सुबह सूचना मिली थी कि सोनाघाटी रेलवे कटिंग पर एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में शव की पहचान अजित बारंगे के रूप में हुई। वह मूल रूप से रोंढा गांव के निवासी थे और बैतूल शहर के चक्कर रोड स्थित वैष्णवी धाम कॉलोनी में पत्नी और डेढ़ साल की बेटी के साथ रहते थे। शिक्षक अजित की पत्नी भी पंजाब नेशनल बैंक में कर्मचारी है। परिजनों के मुताबिक वे रात में गणेश विसर्जन जुलूस में शामिल होने के बाद घर आकर सो गए थे। रात में पत्नी के जागने पर उन्हें बिस्तर में न पाकर उनकी तलाश की गई तो वे नहीं मिले। पड़ोस के सीसीटीवी में उन्हें सोना घाटी की तरफ जाते देखने के बाद तलाश की गई। जहां उनका क्षत विक्षत शव मिला। परिजनों के अनुसार अजित देर रात घर से कब निकले, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। जांच अधिकारी एएसआई नरेंद्र अजनेरिया ने बताया कि रेलवे स्टेशन मास्टर के मेमो से घटना की जानकारी हुई। जिसमें इटारसी की ओर से आने वाले रेलवे ट्रैक पर आने वाली ट्रेन के ड्राइवर ने स्टेशन पर सूचना दी थी कि कोई व्यक्ति तेज रफ्तार ट्रेन के सामने कूद गया है।

## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 9 सितंबर से आयोजित

**सीहोर।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2024 की नई तिथि घोषित कर दी है। पहले यह परीक्षा 5 जुलाई 2025 को प्रस्तावित थी। अब इसका आयोजन 9 सितंबर 2025 से होगा। मंडल ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश पत्र शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी इन्हें बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी के लिए आधार पंजीयन अनिवार्य है। परीक्षा में प्रवेश के लिए मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना जरूरी होगा।

### 8 से 20 सितंबर तक हो सकेंगे गलतियों में सुधार

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने ई-प्रवेश प्रक्रिया 2025-26 में बड़ा बदलाव किया है। अब विद्यार्थी 8 से 20 सितम्बर के बीच अपना एडमिशन निरस्त कर सकेंगे। इस अवधि में विषय, पाठ्यक्रम या संकाय बदलने की सुविधा भी मिलेगी। कॉलेज ट्रांसफर और एडमिशन डेटा में हुई गलतियों को भी सुधारा जा सकेगा। विभाग ने साफ किया है कि इस दौरान नए एडमिशन नहीं होंगे।

स्कूली बच्चों के नौ समूहों ने दी भजनों एवं धार्मिक गीतों पर प्रस्तुतियां

# डोल ग्यारस महोत्सव समिति ने किया अनंत चतुर्दशी पर सांस्कृतिक आयोजन

सोहागपुर में सवा सदी पुरानी परंपरा अनुसार डोल ग्यारस समिति श्री गणेशोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर ही करती है। इसी क्रम में शनिवार रात रानी लक्ष्मीबाई मंच सोहागपुर पर सांस्कृतिक आयोजन किया गया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री गणेश उत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर होता है। वहीं सोहागपुर में सवा सदी पुरानी परंपरा अनुसार डोल ग्यारस समिति श्री गणेशोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर ही करती है। इसी क्रम में शनिवार रात रानी लक्ष्मीबाई मंच सोहागपुर पर सांस्कृतिक आयोजन किया गया।समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर रानी लक्ष्मी बाई मंच पर स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के नौ समूहों ने भजनों एवं धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। आयोजन रात्रि आठ बजे प्रारंभ हुआ व रात्रि लगभग 10 बजे संपन्न हुआ। इस दौरान समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह, मंगलसिंह रघुवंशी, संतोष मालवीय, महेश साहू, आध्यात्मिक संत पं. प्रकाश मुदगल, हरिहर सिंह ठाकुर, राकेश चौधरी, गजेंद्र चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, अजय वर्मा, संजय दीक्षित, मनोज अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी, अखिलेश मालवीय, पवन जायसवाल, नीरज चौधरी, इरफान खान, कार्तिक शर्मा, आकाश चौरसिया, देवांशु शर्मा, पार्षदगण रविशंकर उईके, राकेश चौरसिया तथा भास्कर माझी, कुलदीप साहू, दशरथ रघुवंशी आदि उपस्थित थे। आयोजन का संचालन पं. अरविंद सहारिया एवं एचपी मांधाता ने किया।

### किया सम्मान

डोल ग्यारस समिति द्वारा समाज उत्थान के कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति रेल कर्मचारी नर्मदाप्रसाद कुशवाहा को सड़कों के गड्ढों से संभावित दुर्घटनाएं रोकने के लिए पुराव के कार्य पर सम्मानित किया गया। अनंत चतुर्दशी आयोजन में वर्षों से संचालक व संयोजक की सहभागिता निभाने पर पं. अरविंद सहारिया एवं एचपी मांधाता का भी अतिथियों ने सम्मान किया। हरिभूमि से चर्चा में डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी वर्ष समिति आयोजन संख्या में बढ़ोतरी करेगी, ताकि नई पीढ़ी का हमारी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव बढ़े।

# पिता की पेंशन के लिए बेटा बहू दे रहे मां को प्रताड़ना

**कलयुगी बेटे और बहू के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पितृ पक्ष प्रारंभ हो रहे हैं और इन दिनों सनातनी अपने पूर्वजों के प्रति की गई जानी अंजानी भूलों के लिये उनसे क्षमा याचना कर पितरों की आत्मिक शांति के लिये तर्पण करेंगे। वहीं रविवार को सोहागपुर थाने में पुत्र तथा पुत्रवधु द्वारा मां को अपने पिता की पेंशन के प्रताड़ति करने का प्रकरण दर्ज हुआ है, जिससे पुलिस भी अचंभे में है।



सोहागपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादिया 60 वर्षीय नर्मदी बाई पति लच्छू निवासी ग्राम रैपुरा थाना क्षेत्र सोहागपुर ने सोहागपुर थाने में अपने पुत्र चंदू एवं बहू बसंती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी अनुसार फरियादिया थाने में अपने पति लच्छू एवं नाती गोविंद के साथ उपस्थित हुई तथा रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह घरेलू कार्य करती है। पति लच्छू रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त हो गए हैं, जिनको पेंशन मिलती है। जमीन लड़के चंदू के नाम कर दी है, जिस पर चंदू खेती किसानी करता है। रविवार सुबह फरियादिया रोटी बना रही थी। तभी लड़का चंदू एवं बहू बसंती आए और कहने लगे कि पापा की पेंशन के पैसे हमें दे दो। दोनों बोले कि उधार का पैसा देना है, अतः पेंशन दें। पेंशन के पैसे देने से फरियादिया द्वारा मना करने पर लड़का चंदू व बहू बसंती ने फरियादिया को गालियां दीं। चंदू ने मां के साथ डंडे से मारपीट की, जिससे शरीर में कई जगह चोट आई हैं। बहू एवं लड़के ने मां को धमकी दी कि पेंशन के पैसे नहीं देगी तो जान से खत्म कर देंगे। फरियादिया की रिपोर्ट पर मारपीट एवं अन्य धाराओं का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख रखी

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का मंत्रि-परिषद ने अनुसमर्थन किया।

# लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शिक्षकदिवस के पावन पर्व पर लायंस क्लब पिपरिया एवं लायंस क्लब नर्मदा के सहयोग से एक निजी शिक्षण संस्थान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें देवी सिंह पवार एमके शर्मा एम एल नायक एम एल सराठे राजेन्द्र नागवंशी सभी इन सेवा निवृत्त का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संस्था के संचालक लोचन सागरप्रजापति तथा नगर अध्यक्ष मनोज नागोत्रा संजीव मालवीय लायन उर्वशी शाह आनंद पटेल सहित अन्य सभी शामिल हुए। शिक्षकों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मंगलम गरबा महोत्सव समिति की बैठक संपन्न, नवरात्रि में होगा गरबा आयोजन

**कन्नूलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में वाटिका मैरिज गार्डन में हुई बैठक में लिया निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मंगलम गरबा महोत्सव करने वाली सोहागपुर ड्रीम टीम इस वर्ष भी नवरात्रि में वाटिका मैरिज गार्डन में भव्य गरबा महोत्सव करेगी। उक्त निर्णय गत दिनों स्थानीय कॉलेज में हुई बैठक में लिया गया है। बैठक समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई थी। सोहागपुर ड्रीम टीम की ओर से अमन मालवीय ने बताया कि इस वर्ष के नवरात्रि गरबा महोत्सव में सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाउंसर की व्यवस्था अधिक संख्या में की जाएगी। बैठक में मंगलम गरबा महोत्सव दौरान अन्य व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं कुछ निर्णय लिए गए हैं। साथ ही तय किया गया है कि सभी व्यवस्थाओं के लिए पृथक पृथक समूह निर्धारित किए जाएंगे। बैठक में मंगलम गरबा महोत्सव की आयोजक सोहागपुर ड्रीम टीम के युवाओं सहित शहर के वरिष्ठ नागरिक लक्ष्मी नारायण सोनी, हमीर सिंह चंदेल, गृहस्थ संत पं. प्रकाश चंद्र मुदगल, संजय खंडेलवाल, संतोष सराठे, प्रवीण साहू, मनोज अग्रवाल, प्रशांत मालवीय, बृजेश साहू, कार्तिक शर्मा, अभिषेक चौहान व अन्य नागरिक तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर निकाला जुलूस





हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर जामा मस्जिद से जुलूस निकाला जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस मस्जिद पर जाकर जुलूस में बच्चे और यवा नए परिधान पहनकर शामिल हुए जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगों का नगर में अनेक जगह लोगों और संस्थाओं ने स्वागत किया आवास कॉलोनी में कांग्रेस मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी उमेश तिवारी प्रदीप शर्मा युवा नेता पार्षद पतिनिधि रत्नेश बडगूजर एवं साथियों ने मुस्लिम बंधुओ को गले लगा कर बधाई दी फल खिलाये वही मेन रोड पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया बधाई शुभकामनाएं दी।

### गरीब नवाज फाउंडेशन ने किया इस्तकबाल

मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर जामा मस्जिद से जुलूस निकाला जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस मस्जिद पर जाकर समाप्त हुआ जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगों का गरीब नवाज फाउंडेशन के पदाधिकारी और सदस्यों ने इस्तकबाल किया।

# नरसिंह बावड़ी वाला मंदिर में नवनिर्माण को लेकर की बैठक, आज देंगे एसडीएम को आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर के पुरातन नरसिंह बावड़ी वाला मंदिर के नवनिर्माण की मंशा के साथ रविवार को नगर के हिन्दू धर्म गुरुओं व वरिष्ठजनों की एक बैठक मंदिर परिसर में की गई है। बैठक में मंदिर निर्माण में आने वाली संभावित परेशानियों के बारे में चर्चा की गई है।

बैठक में मंदिर से लगी दुकानों के निर्माण को लेकर भी व्यापारियों ने अपना पक्ष सभी के समक्ष रखा। मंदिर महंत हरिकिशन दास महाराज ने बताया कि पूज्य ठाकुर जी का मंदिर जीर्णशीर्ण अवस्था में हो गया है, जिसके नव निर्माण की आवश्यकता है। वहीं मंदिर से लगी दुकानें भी अब बहुत जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं। अतः इन दुकानों का निर्माण भी किया जाना आवश्यक है। बैठक दौरान ग्राम शोभापुर के राजा वाले मंदिर में रिसीवर नियुक्त किए जाने का मुद्दा भी चर्चा मेन आया। जिसमें शोभापुर के बावड़ी वाला मंदिर के महंत ने बताया कि मई 2023 में सोहागपुर एसडीएम न्यायालय ने तहसीलदार को मंदिर का रिसीवर नियुक्त किया था। लेकिन दो वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद अभी तक रिसीवर का प्रभार नहीं लिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण में आने वाले कानूनी व्यवधानों एवं शोभापुर के राजा वाले मंदिर में तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त किए जाने की मांग को लेकर सोमवार दोपहर एसडीएम को एक आवेदन दिया जाएगा।

# श्री जिनवाणी पालकी जी चल समारोह आज निकाला जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जैन समाज के पर्यूषण पर्व का समापन हो रहा है। एवं इस अवसर पर सोहागपुर में श्री जिनवाणी की पालकी जी चल समारोह आज नगर के गौतम वार्ड स्थित डेरिया निवास से निकाला जाएगा। आयोजकों अजय जैन, आशीष जैन एवं आतम जैन ने बताया कि सोमवार आठ सितंबर 2025 की सुबह नौ बजे श्री मंदिर विधि उनके निवास पर होगी। वहीं सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आरती एवं पात्र भावना आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1.30 बजे के बाद श्री जिनवाणी जी पालकी जी की शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शहर के विविध मार्गों से होकर शोभायात्रा शाम चार बजे जैन समाज के चैत्यालय पहुंचेगी, जहां चार बजे से कलश स्थापना होगी।

# पकड़ाए बाइक चोर, आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उप जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पुलिस ने दो बाइक चोरों को पकड़ा है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें उप जेल पिपरिया भेजा गया है।

सोहागपुर पुलिस के अनुसार गत दिनों फरियादी अनिल पिता चंदन सिंह कुशवाहा निवासी बांसखापा के द्वारा अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ सोहागपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार फरियादी के घर के सामने से उसकी बाइक क्रमांक एमपी 05 एमवाय 3674 कीमती लगभग 40 हजार रुपये को कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया है।

रिपोर्ट पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना दौरान सूचना पर पुलिस ने खुमान सिंह पिता बाबूजी पटेल एवं रामदयाल उर्फ छुटुआ पिता खुशीलाल विश्वकर्मा दोनों ही निवासी ग्राम सेंदरवाड़ा थाना माखननगर को रेवा बनखेड़ी रोड स्थित जमनी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों से पूछताछ की गई, तो उन्होंने उक्त बाइक मिलकर चुराना स्वीकार किया। चोरों से बाइक भी बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को रविवार को न्यायालय सोहागपुर में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल पिपरिया भेजा गया है।

# गुरुद्वारा कमेटी ने किया नेत्रदान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत बनवारी रोड स्थित गुरूद्वारा कमेटी ने निशुल्क नेत्र सिविर का आयोजन किया गया। डाक्टर श्याम सोडानीने बताया कि लगभग 40मरीजो को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिन्हें भोपाल भेजा गया है। जहां पर आपरेशन निशुल्क नेत्र चिकित्सा के साथ मरीजों की सभी ववस्थाएं जांचदवाइयां लेंस ऑपरेशन काला चश्मा परिवहन निशुल्क रहा जिसमें भोपाल से डॉक्टरशु भम सोडानी नीलेश इब्ने अनूप पंजवानी सहित अन्य सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# खेत में फिर से दिखा मगरमच्छ

**बुधनी।** एक बार फिर से नगर के रहवासी क्षेत्र में शनिवार दोपहर लगभग एक बजे वीआईपी कालोनी से लगे खेत में मगरमच्छ होने की खबर से लोगों में दहशत पैदा हो गई मगरमच्छ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर फॉरेस्ट एसडीओ सुकृति ओसवाल को सूचना दी गई जिस पर उन्होंने रेंज ऑफिसर को निर्देश देकर वन अमले को तैनात कर निगरानी रखने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि पुर्व में नगर के बुधनी घाट रोड स्थित वीआईपी कालोनी से लगे खेत में बारिश का पानी भरा हुआ है जिसमें कुछ समय पुर्व मगर को देखा गया था जिसकी सुचना वन विभाग को दी गई थी वन विभाग की टीम ने लगातार मगर को खोजने का प्रयास किया किंतु मगर को पकड़ने में सफलता नहीं मिली, लोगों को काफी छकाया था।

# सेनानी परिवार ने शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

लायन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा सेनानी परिवार के द्वारा शिक्षको का सम्मान किया। इस दौरान शिक्षकों को साल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया सम्मान कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री प्रसन्न हर्णे भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ,संजय वर्मा,राजेन्द्र सिंह सौलंकी, राजेन्द्र राजपूत, नीरज वर्मा , चंचल वर्मा ने महेश चन्द्र वर्मा , अरूण ताम्रकार , राजेश ताम्रकार , राजेश ताम्रकार ,स्वतंत्र वर्मा , प्रकाश चन्द्र अहिरवार अभिनंदन करते हुए सम्मान किया गया।


## सहकारी समितियों की वार्षिक आमसभा सूचना

**वार्षिक आमसभा** **दिनांक : 08/09/2025**

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. शाखा सोहागपुर के अंतर्गत आने वाली समस्त सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन निम्नलिखित दिनांकों में दोपहर 12.30 बजे संस्था मुख्यालय पर रखी गई है। जिसमे समस्त समितिओं से सम्बंधित कृषक एवं सम्बंधित अधिकारी / कर्मचारिओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है। गणपूर्ति के आभाव में आधा घंटे पश्चात् उसी स्थान पर वार्षिक आमसभा आयोजित की जाएगी।

**आमसभा के विषय इस प्रकार हैं -**

(1) संस्था का वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं अंकेक्षित लेन-देन पत्रक और लाभ-हानि पत्रक अनुमोदित करना।
(2) वर्ष 2024-25 में स्वीकृति बजट से अधिक व्यय जिन-जिन मदों में हुआ है, का अनुमोदन करना।
(3) वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम का अनुमोदन करना।
(4) बैंक के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिए सांविधिक संपरीक्षक की नियुक्ति बावत विचार करना।
(5) वर्ष 2024-25 में संचालक मंडल के निर्णय की पुष्टि बावत्।
(6) संस्थाओं के आडिट आक्षेप एवं सुझाव के निराकरण का पालन प्रतिवेदन बावत् विचार।
(7) अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से।

| क्रमांक | समिति का नाम | पंजीयन क्रमांक | आमसभा दिनांक | आमसभा दिन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. सोहागपुर | 1584 | 23/09/2025 | मंगलवार |
| 2. | सेवा सहकारी समिति मर्या. नवलगाँव | 1995 | 23/09/2025 | मंगलवार |
| 3. | आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. कामती | 2002 | 24/09/2025 | बुधवार |
| 4. | आदिम जाति सहकारी समिति मर्या. टेकापार | 1997 | 24/09/2025 | बुधवार |
| 5. | सेवा सहकारी समिति मर्या, खपरिया | 2006 | 25/09/2025 | गुरुवार |
| 6. | सेवा सहकारी समिति मर्या. बारंगी | 2569 | 25/09/2025 | गुरूवार |
| 7. | सेवा सहकारी समिति मर्या, करनपुर | 1996 | 26/09/2025 | शुक्रवार |

नोट- अन्य विषय के अंतर्गत वहीं प्रस्ताव विचारणीय होंगे जो वर्षक आमसभा को निर्धारित तिथि से 5 दिन पूर्व लेखिय में सविवरण के लिए दिए जावेंगे।

**समिति प्रबंधक / प्रशासक**
**सहकारी समिति मर्यादित शाखा सोहागपुर**

## खबर संक्षेप



### नदी में कूदकर जान देने वाले युवक को बचाया

**हरदा।** विसर्जन स्थल पेढ़ीघाट में व्यवस्था ड्यूटी में लगे सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक राम सुमेर तिवारी और यातायात प्रभारी उमेश ठाकुर व टीम ने एक युवक की जान बचाई। घटना के वक्त देखा गया कि एक व्यक्ति भीड़ से अलग होकर नदी के तेज बहाव की ओर पुराने पुल तरफ जा रहा है। उसकी दशा संदिग्ध लगने पर वॉच किया गया पुल के बीचो-बीच रेलिंग किनारे नदी में कूदने के लिए पैर लटका आत्महत्या करने के प्रयास करने लगा। इसके पूर्व ही स्थिति भापकर सूबेदार उमेश ठाकुर वी यशदीप सिंह द्वारा दौड़कर आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के पास पहुंचकर उसे पुल से खींचा। और उसे आत्महत्या करने से रोक लिया गया। इसके बाद युवक के फ़ोन से परिजनों से संपर्क कर उन्हें बुलाकर युवक को परिजनों को समझाइश देकर युवक को सुपुर्द किया गया।

### बच्चियों के गुमने की घटनाएं रोकने टीम बनी

**हरदा।** जिले में नाबालिग बच्चियों के गुमने की घटनाओं पर रोक लगाने व इनकी दस्तयाबी करने के लिए पुलिस सक्रिय है। थाना प्रभारी थाना सिविल लाईन निरीक्षक रामसुमेर तिवारी ने त्वरित कार्यवाही करने हेतु टीम गठित कर की गई। इसी क्रम में एक नाबालिक बच्ची उम्र 9 वर्ष अपने परिजनों से नाराज होकर मानपुरा से हरदा आ गई थी। महिला प्रधान आरक्षक ज्योत्सना को हरदा शहर कस्बा भ्रमण के दौरान में लावारिस हालत में घुमते हुए मिलने पर पुछताछ करने पर बताया कि माँ व्दारा डांटने से घर मानपुरा से बिना बताए चले आना बताया। नाबालिग बच्ची के परिजनों को तलब कर समझाईस देकर जिम्मे किया गया। ड्यूटी के दौरान सउनि संजयसिंह ठाकुर व महिला प्रधान आरक्षक ज्योत्सना, थाना सिविल लाईन बच्चो के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करते की गई।



### शिक्षक दिवस पर सेवा भारती ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**भैरुंदा।** सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर नगर भैरुंदा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवा भारती नगर भैरूंदा में संचालित चारों संस्कार केन्द्र की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा ने सेवा भारती के कार्यों को बताया और कहा कि आप सभी के द्वारा हमारे सेवा भारती के संस्कार केंद्रों पर बच्चों को राष्ट्रभक्ति, सनातन संस्कार से शिक्षित किया जा रहा है। समाज के वंचित अभावग्रस्त पिछडे बच्चों को विद्यादान कर समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर हमारे अतिथि गुरु प्रसाद शर्मा, सेवा भारती नगर भैरुंदा अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा,सचिव राकेश वर्मा ,उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी सह कोषाध्यक्ष, रानी पारस वर्मा ,डॉक्टर योगेंद्र यादव , अरुण यादव , पूजा वैरागी, बब्ली शर्मा, ऋषिका श्रोती, पायल खरे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### तिरूपति यात्रा के लिए आवेदन 12 तक मांगे

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे।डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें।

---

स्वदेशी जागरण मंच का अभियान शुरू किया जा रहा है, इसका मुख्य नारा है - 'स्वदेशी बेचो, स्वदेशी खरीदो'

# नागपुर में होने वाले व्यापारी जुटान में देश के 400 से ज्यादा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्वदेशी जागरण मंच ने हरदा में एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। कच्छकड़वा पाटीदार धर्मशाला में आयोजित इस वार्ता में दिल्ली से आए स्वदेशी जागरण मंच के प्रतिनिधि दीपक शर्मा ने राष्ट्रीय स्वदेशी अभियान की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी आह्वान के बाद यह अभियान शुरू किया जा रहा है। इसका मुख्य नारा है - 'स्वदेशी बेचो, स्वदेशी खरीदो'। 15-16 सितंबर को नागपुर में होने वाले व्यापारी जुटान में देशभर से 400 से अधिक व्यापारी नेता, हॉकर्स संगठन, उपभोक्ता मंच और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। दीपक शर्मा ने बताया कि नागपुर सम्मेलन के बाद यह अभियान देश के हर गांव, कस्बे और शहर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने



कहा कि देश में उत्पादन और मार्केट को बढ़ावा देना जरूरी है। साथ ही स्वदेशी पर्यटन को भी प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि 1991 से व्यापारियों को बिचौलिया बताकर उनकी छवि खराब की गई। विदेशी कंपनियां चीन सहित अन्य देशों से सस्ता माल लाकर भारतीय बाजार को नुकसान पहुंचा रही हैं। इससे छोटे उद्योग और रोजगार प्रभावित हो रहे हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के रिटेल व्यापार पर कब्जे के खतरे को देखते हुए व्यापारी, उपभोक्ता और उद्योगपतियों को मिलकर स्वदेशी को बढ़ावा देना होगा। यह अभियान आर्थिक स्वतंत्रता का आंदोलन है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, डॉ एलएन पाराशर, योगमाया शर्मा, नरेंद्र राठी, श्याम माहेश्वरी, बसंत राजपूत, आलोक शर्मा, नीतेश बादर और अरुण मालवीय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

विद्यार्थियों ने इस मौके पर गीत, नृत्य, अभिनय, भाषण की प्रस्तुति दी

# एक शिक्षक का प्रभाव कभी समाप्त नहीं होता : डॉ. बीना जे. कुरियन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था डिजायर टू लर्न के संस्थापक व निदेशक सागर गुप्ता रहे, जोकि विद्यालय के पूर्व छात्र हैं तथा वर्तमान में लाखों छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई। मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए बैच लगाया। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत, नृत्य, अभिनय, भाषण और समूह गान, फैंसी ड्रेस आदि रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर शिक्षकों का मन मोह लिया। शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर रैम्प वॉक कर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि एक शिक्षक का प्रभाव कभी समाप्त नहीं होता। हम जो मूल्य और शिक्षा अपने छात्रों को देते हैं एवं उनके जीवनभर के साथी बनते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं गर्व महसूस करता हूं कि मैं इस प्रतिष्ठित विद्यालय का छात्र रहा हूं। आज मैं जो भी हूं वो बीना मेम व जॉली सर की वजह से ही हूं। हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने मुख्य अतिथि सागर गुप्ता को सम्मानित करते हुए एक स्मृतिचिह्न भेंट किया साथ ही सभी शिक्षकगणों व स्टाफ को उपहार प्रदान कर बधाई दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

---

हिंदू उत्सव समिति का कार्यक्रम

# गणेश उत्सव समितियों का सम्मान और पोहा वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

हिंदू उत्सव समिति टिमरनी के द्वारा अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर में विराजमान समस्त गणेश उत्सव समितियों का स्वागत सम्मान किया। पुलिस थाना टिमरनी के सामने आयोजित कार्यक्रम में नगर में विराजित 12 गणेश उत्सव समितियो के चल समारोह का स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर स्वागत सम्मान किया। साथ समस्त नगरवासियों को पोहा वितरित किया। इस अवसर पर सभी गणेश उत्सव समितियों ने हिन्दुत्व समिति टिमरनी का आभार व्यक्त किया।

### इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** राज्य में मप्र कौशल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल में प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय (**WSI**) चैरिटी द्वारा प्रत्येक दो साल में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता "ओलंपिक के समान" का आयोजन किया जाता है। आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में शंघाई, चीन में होना निर्धारित है। इस अन्तर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागियों का चयन प्रथम स्तर पर मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा एवं द्वितीय स्तर पर नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता-2025 द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु **SIDH** पोर्टल पर 30 तक पंजीयन कर सकते है।

---

पंजाब के भाई बहनों की मदद के लिए दी गई राशि

# जन्मदिन पर बाढ़ प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में पंजाब को 5100 रुपए दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



पंजाब में प्राकृतिक आपदा के कारण लाखो लोग बेघर हो गए। गांव पानी डूब गए, किसानो की फसले बर्बाद हो गयी। एसे वक्त में किसान परिवार के बेटे समाजसेवी शुभम सूरमा ने पंजाब के भाई बहनो की मदद के लिए छोटी सी राशि डिमांड ड्राफ़्ट (डीडी) बनाकर भेंट की। शुभम ने प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप मे जिले के प्रभारी जिला पंचायत सीईओ प्रवीण इवने को 5,100 रुपये की राशि का डीडी सोपा। ये राशि मुख्यमंत्री रिलीफ फंड पंजाब के लिए दी गयी। शुभम ने बतया कि उन्होंने जन्मदिन के अवसर पर कोई आयोजन नहीं किया और यह राशि दान की। उन्होंने कहा कि उन्होंने जन्मदिन नहीं मनाया क्योंकि पंजाब में सभी किसान दुखी हैं।

---

भारतीय किसान संघ का खिरकिया चलो नारा

# 9 को भगवान बलराम जयंती पर होगा वाहन रैली व आमसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



भारतीय किसान संघ खिरकिया के द्वारा चलो चलो खिरकिया चलो के नारे के साथ 9 सितंबर को भगवान बलराम जयंती के अवसर पर विशाल वाहन रैली ज्ञापन आमसभा दोपहर समय 12.30 बजे से सिलसिलेवार कार्यक्रम की बात कही गई है । स्थान खिरकिया कृषि उपज मंडी में एकत्रित होने का आह्वान संभागीय सदस्य कैलाश करोड़े यशवंत राजपूत मुकेश गौर रुपसिंह राजपूत तहशील अध्यक्छ उमेश गौर मंत्री मनोज विश्नोई सहमंत्री दयाराम आमे मिडिया प्रभारी रामनिवास पाटिल बलराम गुर्जर नरेन्द्र राजपूत नगर अध्यक्छ अन्य किसान साथियो के साथ अधिक से अधिक संख्या में किया । ग्राम इकाई पड़वा सारसूद सोनपुरा जटपुरा रुनझुन मक्तापुर गोपालपुरा परतापुरा जयमलपुरा हीरापुर टेमलावाड़ी खेड़ी सोभापुर डेड़गांव दर्जनों ग्राम इकाई मे संपर्क किया गया ।

---

विश्व फिजियोथैरेपी दिवस

# जिला अस्पताल में आज विशेष फिजियोथैरेपी शिविर लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार को विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर एक दिवसीय विशेष फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सानिध्य में जिला अस्पताल परिसर स्थित डीईआईसी भवन (छीपानेर रोड) पर संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.एल.पी. सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य फिजियोथेरेपी के महत्व को आमजन के बीच साझा करना और इसके लाभों के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। इस वर्ष विश्व फिजियोथैरेपी दिवस की थीम है ‡हेल्दी एजिंग‡, जिसका आशय है कि बढ़ती उम्र के साथ सिर्फ बीमारियों से मुक्त रहना ही नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को भी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर के अनुसार, इस थीम का मुख्य उद्देश्य यह है कि व्यक्ति जीवन के हर चरण में सक्रिय, स्वतंत्र और संतुष्ट रह सके यहां तक कि वृद्धावस्था में भी। विशेष शिविर में फिजियोथेरेपी यूनिट से डॉ. पूजा मुकाती एवं डॉ. मनीराम उइके उपस्थित रहेंगे, जो फिजियोथेरेपी की उपयोगिता, आवश्यकता और इसके दीर्घकालिक लाभों पर जानकारी प्रदान करेंगे। विशेष रूप से वृद्धजनों को लाभान्वित करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है, जिनके लिए फिजियोथेरेपी अत्यधिक महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है। सीएमएचओ डॉ. सिंह ने जिले के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर का लाभ अवश्य लें। यह भ्रांति दूर करना जरूरी है कि फिजियोथेरेपी केवल खिलाड़ियों या घायल लोगों के लिए होती है।

---

# शिक्षक दिवस सम्मान समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शनिवार को स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सीहोर में जिले के वरिष्ठ शिक्षकों का शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम संचालक हरीश राठौर एवं समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संचालक श्री राठौर द्वारा शिक्षकों के सम्मान समारोह में उपस्थित होने पर सभी शिक्षकों का स्वागत किया। इसके पश्चात समस्त सम्मानित शिक्षकों का विद्यार्थियों द्वारा तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र देशमुख द्वारा शिक्षकों के जीवन पर सुन्दर कविता द्वारा अपने विचार व्यक्त किये। इसके अतिरिक्त उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में डॉ. राजेन्द्र देशमुख, अशीष शर्मा (गुरू), मांगीलाल ठाकुर, प्रदीप नागिया, डॉ. रश्मि मालवीय, प्रतिभा यादव, रजनी श्रीवास्तव, हेमेंद्र सिंह तोमर, क्षमा तिवारी, श्वेता साहू, गौरव माथुर, राहुल परदेसी, कविता सागर, अरविंद पाण्डेय, रूचि शाह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य योगेश शर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार किया व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. नितिका माहेश्वरी द्वारा किया गया।

---

पुलिस ने की कार्रवाई

# आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बैगनी गुलाबी रंग की शर्ट स्लेटी रंग की पेंट पहन नीले काले रंग की मोटर सायकल के साथ उसकल्ली जोड दरगाह के बाजू में खड़ा है। जिसके एक हाथ में सफेद रंग की थैली है जिसमे गांजा रखा है।

जो बेचने के लिये खड़ा है। जो मुखबिर सूचना की तस्दीक पर कार्यवाही करते हमराह स्टाफ के घटना स्थल से मुखबिर व्दारा बताये हुलिया का दिखा। जिसके पास एक सफेद रंग की थैली लिये खडा दिखा। उसके पास एक सीटी 100 मोटर सायकल खडी है। जिसे घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम श्यामलाल उर्फ लालू पिता किशन काजले जाति कोरकू उम्र 31 साल निवासी ग्राम डोंग का रहना बताया।



उसके पास की थैली चैक करने पर उसमे मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 50 ग्राम जिसकी कीमति 30 हजार रूपये का होना बताया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट का पाया जाने से आरोपी श्यामलाल को गिरफ्तार कर कब्जे से गांजा एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जप्त की गई। थाना प्रभारी रहटगाँव मनोज कुमार दुबे व्दारा टीम गठित की गई एवं उक्त टीम के व्दारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना पर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने/बेचने वाले को व्यक्ति को दबोचा।